# मध्यप्रदेश पर्यटन

# क्विज़ प्रतियोगिता 2024

## राज्य स्तरीय आयोजन

The heart of Incredible India

MP TOURISM QUIZ

**दिनांक : 26 सितम्बर, 2024** **समयः 2 घंटा** **प्रातः 10 से 12 बजे तक**

**प्रतिभागी दल के सदस्यों के नाम**

1. नाम.......................................................................कक्षा...........................
2. नाम.......................................................................कक्षा...........................
3. नाम.......................................................................कक्षा...........................

विद्यालय का नाम.........................................................जिला ........................

**कृपया ध्यान पूर्वक निम्नलिखित निर्देशों का अध्ययन करें, तत्पश्चात प्रश्न–पत्र को हल करें।**

1. प्रश्न पत्र में कुल 10 खण्ड हैं। प्रत्येक खण्ड में 10–10 प्रश्न हैं। इस प्रकार कुल प्रश्नों की संख्या 100 है। आपको उत्तर लिखने के लिए पृथक से उत्तर पत्रक दिया जा रहा है। उत्तर पत्रक में प्रत्येक विद्यालय के तीनों विद्यार्थी का नाम लिखेगें। इसके उपरान्त उत्तर–पत्रक में प्रश्न क्रमांक के सामने रिक्त स्थान में अपना उत्तर लिखना प्रारम्भ करेंगें।
2. प्रश्न का उत्तर एक बार में ही लिखना होगा। काटकर लिखा गया उत्तर अमान्य होगा।
3. प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक दिया जायेगा। प्रश्न हल न करने अथवा गलत हल करने की स्थिति में 0 (शून्य) अंक दिया जायेगा।
4. इस प्रश्न–पत्र को प्रत्येक विद्यालय से आये 03 सदस्यीय टीम एक साथ मिलकर हल करेगी।
5. प्रत्येक टीम को प्रश्न–पत्र के आधार पर कोई एक उत्तर–पत्रक में उत्तर लिखना हैं। प्रश्न–पत्र विद्यार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु उत्तर–पत्रक प्रत्येक टीम को अनिवार्यतः कक्ष पर्यवेक्षक के पास जमा करना होगा।
6. मूल्यांकनकर्ता उत्तर–पत्रक के मूल्यांकन के दौरान निर्देशक के निर्देशों का पालन करते हुए मूल्यांकन करेंगे।
7. उत्तर–पत्रक पर पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता दोनों के हस्ताक्षर होंगे।
8. उत्तर में किसी भी स्थान/स्थल के प्रचलित/स्थानीय नाम आदि के स्थान पर अधिकारिक नाम को ही सही माना जायेगा।
9. किसी भी विवाद की स्थिति में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

The heart of Incredible India



## खण्ड – '1' (एक शब्द में उत्तर दीजिए)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 1 से 10 तक में मध्य प्रदेश के प्रागैतिहासिक, ऐतिहासिक, पुरातत्व तथा राजवंशों से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। आपको प्रश्न पढ़कर प्रश्न का सही उत्तर, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सामने लिखना है–**

1. परमार काल में करीब 1300 साल पहले प्रसिद्ध पर्यटक स्थल आशापुरी में लगभग 24 मंदिरों के साथ इस मंदिर का भी निर्माण हुआ था। वर्ष 2010 की खुदाई में इस मंदिर के अवशेष मिले थे। हाल ही में राज्य पुरातत्व विभाग ने मंदिर का पुनर्निर्माण करवा कर उसका वैभव लौटा दिया है। इस मंदिर का नाम बताएं ?
2. भोपाल के समीप किस पर्यटक स्थल में पर्यटन गतिविधियों को बढाने के उद्देश्य से रानी महल और चमन महल का रिनोवेशन (नवीनीकरण) किया गया है। इस पर्यटक स्थल का नाम बताएं?
3. शैव, वैष्णव एवं जैन धर्म की गुफाओं के लिए प्रसिद्ध यह स्थल मध्य प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों में से एक हैं। यह स्थल एक विश्व विरासत स्थल के नजदीक है। इस गुफा परिसर में बीस गुफाएं हैं। इस स्थल का नाम बताएं ?
4. रायसेन जिले में स्थित यह गुफा समूह मानव इतिहास का एक बहुमूल्य इतिवृत्त और समृद्ध पुरातात्विक संकलन माना जाता है। यहाँ 500 से अधिक गुफाओं में प्रागैतिहासिक गुफावासियों की दैनंदिन जीवन चर्या के मनोहारी क्रियाकलाप दर्शाए गए हैं। इस गुफा समूह का नाम बताइए?
5. इस बावली/बावड़ी का निर्माण हट्टा ग्राम के प्राचीन किले में 17वीं – 18वीं शताब्दी में गोंड राजा हटे सिंह वल्के ने गर्मी के दिनों में सैनिको के छिपने, पेयजल, स्नान और आराम करने के लिए किया था। पुरातत्व विभाग द्वारा इस बावली को संरक्षित स्मारक घोषित करवाया गया है। यह हट्टा की बावली/बावड़ी किस जिले में स्थित है?
6. यह स्तूप भोजपुर स्तूप के नाम से भी जाने जाते है। यह 37 स्तूपों और दो बौद्ध मंदिरों का एक समूह हैं जो साँची से 11 कि.मी.दूर स्थित है। इनकी खोज 19वीं शताब्दी में मेजर कनिंघम नामक एक अंग्रेज ने की थी। स्तूपों में बौद्ध शिक्षकों और शिष्यों के अवशेषों से सुसज्जित अवशेष संदूक रखे हुए हैं। इस स्तूप का नाम बताइए ?
7. मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में अस्सी फीट गहराई में स्थित यह जल प्रणाली इंजीनियरिंग का चमत्कार है। इसके निकट ही वर्ष भर बहने वाले झरने प्राचीन शिव मंदिर और अजेय असीरगढ़ का किला भी है। इस जल प्रणाली का नाम बताइए ?
8. बाघ गुफाएं, नौ चट्टान–काट स्मारकों का एक समूह है, जो मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित है। यहाँ से गुफा नं. 2 के स्थल पर महिष्मती के राजा सुबंधु का एक शिलालेख मिला है, जिसमें विहार की मरम्मत के लिए उनके दान का उल्लेख है। इस शिलालेख को किस नाम से जाना जाता हैं?
9. ओरछा स्थित यह मंदिर 1622 ई.में वीरसिंह देव द्वारा बनवाया गया। यह मंदिर वास्तुकला की एक अनूठी शैली प्रस्तुत करता है। यह मंदिर धन और समृद्धि की देवी को समर्पित है, लेकिन मंदिर के अंदर किसी देवी की मूर्ति नहीं है। मंदिर की दीवारों को शानदार भित्ति चित्रों से सजाया गया है, जो पौराणिक विषयों से जुड़ी रचनाओं को दर्शाते हैं। इस मंदिर का नाम बताइए?

10. गुप्तकालीन ऐतिहासिक तिगवां का विष्णु मंदिर वर्तमान में मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है? मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों ओर गंगा और यमुना नदी देवियों का चित्रण हैं। यह स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित है।

## खण्ड – '2' (दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर की पूर्ति कीजिए)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 11 से 20 तक में मध्य प्रदेश के स्थान/जिला विशेष में स्थित महल, किला, दुर्ग एवं गढ़ पर आधारित प्रश्न है, जो वहाँ के प्रमुख विरासत, धरोहर दृष्टि से पर्यटन स्थल है। आपको दिये गये विवरण के आधार सही विकल्प का चयन कर उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखना है –**

11. राजा राजबसंती द्वारा लगभग 1200 ई.में निर्मित यह किला पर्यटन की दृष्टि से एक दर्शनीय स्थल है। यह किला एक पहाड़ी के शीर्ष पर बादल महल ,रोहित महल तथा प्राचीन शिव मंदिर, एक बड़े जलाशय और कई कुओं के साथ स्थित है। यह किला किस पर्यटन स्थल में है ?
    (अ) रायसेन (ब) ग्वालियर
    (स) धार (द) गिन्नौरगढ़

12. एक पर्यटक नगर के उत्तर में आयताकार पहाड़ी पर स्थित इस किले की स्थापत्य शैली हिन्दू, मुस्लिम और अफगान शैली है। किले के अंदर खरबूजा महल, शीश महल भी स्थित हैं। सन् 1346 ई. मे मुहम्मद विन तुगलक इस किले मे कुछ समय के लिये रुका था। इस स्थान पर मराठा पेशवा बाजीराव द्वितीय का जन्म हुआ था। इस किले का नाम बताएं ?
    (अ) महेश्वर किला (ब) असीरगढ़ का किला
    (स) दतिया का किला (द) धार का किला

13. ग्वालियर में रानी मृगनयनी के लिए राजा मानसिंह के द्वारा यह सुंदर महल बनवाया गया था ? महल रंगीन टाइलों तथा कलात्मक नयनाभिराम पच्चीकारी से अलंकृत किया गया है। इस महल का नाम बताएं ?
    (अ) ग्वालियर महल (ब) जय विलास महल
    (स) गूजरी महल (द) सिंधिया महल

14. मध्य प्रदेश के इस प्रसिद्ध किले का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने 14वीं शताब्दी में करवाया था। शिवना नदी के किनारे स्थित इस किले की प्राचीर में पत्थरों पर हिन्दु देवी–देवताओं की मूर्तियाँ है। किले में तापेश्वर महादेव का मन्दिर भी है। इस किले का नाम बताए?
    (अ) ग्वालियर किला (ब) मंडला का किला
    (स) मंदसौर का किला (द) दतिया का किला

15. मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक पर्यटक नगर में इस किले की स्थापना सन 1626 ई. में बुन्देलखण्ड नरेश वीर सिंह जूदेव ने की थी। महाराजा भवानी सिंह ने इस किले के प्रवेश द्वार पर ''जस्टिस इस द जेम ऑफ़ क्राउन'' लिखवाया। इस किले की भीतरी दीवारों पर गेंडा, हाथी निर्मित है, जबकि विपरीत दिशा की दीवारों पर हिप्पो चिड़िया का सिर टंगा हुआ है। इस किले का नाम बताएं?
    (अ) नरवर किला (ब) ओरछा का किला
    (स) छतरपुर का किला (द) दतिया का किला

16 इस महल को 1445 ई. में मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी ने कालपी के युद्ध में सुल्तान महमूद सरकी को हराने के उपलक्ष्य में बनवाया था। यह महल 4 बराबर हिस्सों में बंटा हुआ है। इस महल का नाम बताएं ?

(अ) कौशक महल (ब) बादल महल

(स) मांडका महल (द) हवा महल

17. कलचुरी राजवंश द्वारा स्थापित यह दुर्ग/किला मध्य प्रदेश के प्रमुख किलों में से एक है। बाद में यह दुर्ग/किला गोंड शासिका रानी दुर्गावती की कर्मभूमि व जनजातीय समुदाय का प्रमुख केंद्र स्थल भी रहा है। इस दुर्ग का नाम बताए ?

(अ) रामगढ़ दुर्ग (ब) गढ़मंडला दुर्ग

(स) मंडला दुर्ग (द) सिंगौरगढ़ दुर्ग

18. मध्य प्रदेश का यह जिला एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल हैं। यहाँ मल्हारराव की छत्री ,ऐतिहासिक गौरी सरोवर, अटेर किला, गोहद किला, और वनखंडेश्वर मंदिर जैसे पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल हैं। इस पर्यटक जिले का नाम बताइए ?

(अ) इंदौर (ब) खरगोन

(स) भिंड (द) शिवपुरी

19. गोंड राजा हृदय शाह द्वारा 1667 ई. में नर्मदा नदी के किनारे निर्मित करवाया गया यह महल गौंड राजाओं की शक्ति और वैभवशाली परम्परा की अनमोल धरोहर है। यह महल तीन मंजिला है। हाल ही में यूनिस्को की विश्व हेरीटेज की अस्थाई सूची में इस महल को शामिल किया गया है। इस महल का नाम लिखिए ?

(अ) मोती महल (ब) लांजी महल

(स) मदन महल (द) होशंगशाह महल

20. यह महल ओरछा के सबसे प्राचीन स्मारकों में से एक है। इसका निर्माण 17 वीं शताब्दी में राजा मधुकर शाह ने करवाया था। यह महल छतरियों और बेहतरीन भित्तिचित्रों के लिए प्रसिद्ध है। महल में धर्म ग्रंथों से जुडी तस्वीरें भी देखी जा सकती हैं। इस महल का नाम लिखिए ?

(अ) जहाँगीर महल (ब) राय प्रवीण महल

(स) राज महल (द) रानी महल

## खण्ड – '3' (व्याख्या आधारित प्रश्न)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 21 से 30 तक में मध्य प्रदेश के स्थान/जिला विशेष में स्थित मंदिरों पर आधारित प्रश्न है, जो वहाँ के प्रमुख विरासत, धरोहर दृष्टि से पर्यटन स्थल है। आपको दिये गये विवरण के आधार पर उत्तर का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखना है –**

21. निमाड़–मालवा में सतपुड़ा की सबसे ऊंची पहाड़ी पर बसे नागतीर्थ भीलट देव को महाकाल लोक की तरह ही विकसित किया जा रहा है। इस तीर्थ की धार्मिक यात्रा में प्राकृतिक वातावरण के बीच पर्यटन का अपना अलग ही आनंद है। नागतीर्थ भीलट देव कहाँ पर स्थित है ?

22. यह मंदिर उज्जैन के प्राचीन पवित्र स्थलों की आकाशगंगा में एक विशेष स्थान रखता है। शिव पुराण के अनुसार, जब शिव माता सती के जलते हुए शरीर को यज्ञ की अग्नि से दूर ले गए, तो उनकी कोहनी इस स्थान पर गिरी थी। यहाँ माता की मूर्ति गहरे सिंदूरी रंग में रंगी हुई है। इस मंदिर का नाम बताइए ?

23. मध्य प्रदेश के सौंसर स्थित विश्व प्रसिद्ध जाम सांवली मंदिर में मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा एक लोक का निर्माण किया जा रहा है। इस लोक का नाम लिखिए ?

24. ऐसा कहा जाता है कि जब भगवान शिव माँ सती के शरीर को ले जा रहे थे, तो उनका हार इस स्थान पर गिरा। राजा परमर्दिदेव चंदेल के शासन में योद्धा 'आल्हा' और 'उदल', जिनका पृथ्वी राज चौहान के साथ युद्ध हुआ था, माता के बहुत बड़े अनुयायी थे। उन्हॉने ही इस मंदिर की खोज की थी। वे यहां की माता को माई कहकर पुकारते थे। आप इस मंदिर का नाम बताइए ?

25. यह पीठ देश की प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक मानी जाती है। माँ बगलामुखी, धूमावती मंदिर और हरिद्रा सरोवर के साथ, यह स्थान भारत के सबसे पुराने आध्यात्मिक केंद्रों में से एक माना जाता है। यह स्थल दतिया पीठ के नाम से भी प्रसिद्ध है। इस पीठ का नाम लिखिए ?

26. देवास जिले में स्थित नेमावर एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। इसे नर्मदा नदी की नाभि स्थल के रूप में भी माना जाता है। यहाँ नर्मदा के दाहिने तट पर भूमिज शैली में निर्मित एक प्राचीन शिव मंदिर है। इस प्रसिद्ध मंदिर का सही नाम लिखिए ?

27. कल्चुरी कालीन यह ऐतिहासिक मंदिर जबलपुर जिले के तेवर गांव में हथियागढ़ नामक स्थान पर स्थित है। जिसका निर्माण 11वी शताब्दी में कल्चुरी राजा कर्णदेव ने करवाया था। यहाँ पर एक शिलालेख भी है। माना जाता है कि इस मंदिर में स्थापित माता की मूर्ति भूमि से अवतरित हुई थी। इस मंदिर का नाम बताइए ?

28. इंदौर शहर का यह एक ऐसा मंदिर है जहां भगवान की चौखट पर पट ही नहीं हैं। यह मंदिर भक्तों के लिए 24 घंटे खुला रहता है। ऐसा माना जाता है कि औरंगजेब से मंदिर की मूर्ति की रक्षा करने के लिए, मूर्ति को एक कुएं में छिपा दिया गया था, तब रानी अहिल्याबाई होल्कर ने 1735 ई. में मूर्ति को कुएं से निकलवाकर इस मंदिर की स्थापना की थी। इस मंदिर का नाम बताइए ?

29. महर्षि दधीचि इस मंदिर में महादेव की पूजा करते थे। यह मंदिर नर्मदा नदी की दो धाराओं के बीच तीन किमी लंबे टापू पर बेंट के नाम से पहचाना जाता है। टापू के दक्षिण भाग में ही मंदिर में भगवान दत्तात्रेय एवं नर्मदा देवी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। इस मंदिर का नाम बताए ?

30. राम वन गमन पथ, वह मार्ग है जिस पर भगवान राम, सीता, और लक्ष्मण ने वनवास के दौरान यात्रा की थी। यह अयोध्या से शुरू होकर श्रीलंका में खत्म होता है। इस पथ पर भगवान राम के जीवन की कई अहम घटनाएं हुई हैं। मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ की शुरुआत किस स्थान से होती है ?

## खण्ड – '4' (दिए गए विकल्पों में से प्रश्नानुसार सही उत्तर दीजिए)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 31 से 40 तक के सभी प्रश्नों में मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य एवं ईको पर्यटन से संबंधित है। आपको प्रश्न पढ़कर दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कर, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सामने लिखना है–**

**(पनपथा अभ्यारण्य, रालामंडल अभ्यारण्य, श्योपुर, गेंगोटिक, संजय डुबरी राष्ट्रीय उद्यान, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान, नरसिंहगढ़ अभ्यारण्य, गांगुलपारा, सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान)**

31. पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाले इस अभ्यारण्य के चिड़ीखो जलाशय में पैडल बोट द्वारा सूर्योदय व सूर्यास्त के विहंगम दृश्य का आनंद लिया जा सकता है तथा पक्षी दर्शन, नेचर ट्रेल और जंगल सफारी इस अभ्यारण्य की अन्य विशेषता हैं। इस अभयारण्य का नाम बताएँ ?

32. देश की पहली हॉट एयर बैलून सफारी का शुभारंभ किस राष्ट्रीय उद्यान में किया गया है ?

33. यह राष्ट्रीय उद्यान पचमढ़ी और बोरी अभ्यारण्यों के साथ बनाया गया है। पर्यटन स्थल पचमढ़ी, मढ़ई, चूरना व तवा जलाशय तथा देनवा बैकवाटर, इस उद्यान के प्रमुख आकर्षण है। इस राष्ट्रीय उद्यान का नाम बताएँ ?

34. चंबल अभ्यारण्य अंतर्गत मध्य प्रदेश में मुरैना के राजघाट के आस–पास भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित एक संकटग्रस्त 'डॉल्फिन' का रहवास हैं। 'डॉल्फिन' का सही नाम बताएं ?

35. मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल का आयोजन दिसंबर 2023 में किस जिले में किया गया ?

36. मध्य प्रदेश का एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल 'परसिली' जो की बनास नदी के किनारे स्थित हैं, किस राष्ट्रीय उद्यान से मात्र 10 कि.मी. की दूरी पर स्थित हैं ?

37. यह बालाघाट जिले का एक प्रमुख इको–टूरिज्म केंद्र है। यहाँ नौका विहार की सुविधा जलाशय में उपलब्ध है। इको–टूरिज्म केंद्र के नाम पर ही कुंड और जलप्रपात भी स्थित हैं। इस इको–टूरिज्म केंद्र का नाम बताइए ?

38. कुल 445.21 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले इस राष्ट्रीय उद्यान को 26 जनवरी 1983 को राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया। इसे राष्ट्रीय उद्यान के साथ–साथ केंद्रीय चिडियाघर प्राधिकरण से स्मॉल जू की मान्यता भी प्राप्त है। यहॉ पर वन्यप्राणियों के लिए रेस्क्यू सेंटर भी स्थापित किया गया है। इस राष्ट्रीय उद्यान का नाम बताए ?

39. मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के साथ ही एक वन्यजीव अभयारण्य स्थित है। इस वन्यजीव अभ्यारण्य का नाम बताइए ?

40. पाँच वर्ग कि.मी. में फैले इस वन्यजीव अभयारण्य की स्थापना 1989 में इंदौर में की गई थी। यह पक्षियों और अन्य वन्यजीवों की विभिन्न प्रजातियों का घर है। इसमें होल्कर राजाओं का एक प्राचीन महल है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से शिकारगाह (शिकार लॉज) के रूप में किया जाता था। इस वन्यजीव अभ्यारण्य का नाम बताए ?

## खण्ड – '5' (व्याख्या आधारित प्रश्न का उत्तर दीजिए)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 41 से 50 तक में मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण मेलों/संग्रहालय का विवरण/व्याख्या दी गई है। आपको इसमें प्रश्न के अनुसार मेले/संग्रहालय का नाम, आयोजन स्थल तथा मेले/संग्रहालय की विशेषता पर आधारित प्रश्न का उत्तर देना है। प्रश्न का सही उत्तर, उत्तर पत्रक में प्रश्न क्रमांक के सामने अंकित कीजिए –**

41. दतिया जिले के भाण्डेर तहसील में प्रतिवर्ष जनवरी–फरवरी/माघ माह में एक विशेष मेला लगता है। यह मेला 100 से अधिक वर्ष पूर्व स्वामी पीताम्बर दास द्वारा प्रारम्भ किया गया था। इस मेले का नाम बताए ?

42. सीधी जिले के घोघरा गाँव में देवी का एक मन्दिर है, यहाँ प्रतिवर्ष एक विशाल मेला आयोजित किया जाता है। मान्यता है कि मुगल बादशाह अकबर के नवरत्नों में एक बीरबल यहाँ के निवासी थे। यह मेला बीरबल के द्वारा आरम्भ किया गया था। इस मेले का नाम बताए ?

43. सिवनी जिले के ग्राम भैरोथान स्थान पर प्रत्येक शिवरात्री को विशाल मेला लगता है, जो 15 दिनों तक चलता है। इस स्थान पर एक प्राकृतिक गुफा तथा हरियाली परिसर युक्त झील है। इस मेले का नाम बताए ?

44. मुरैना जिले के पोरसा गाँव में नवम्बर–दिसम्बर माह के दौरान एक माह के लिये यह मेला आयोजित होता है। यह मुगल राजा अकबर के समकालीन संत की स्मृति में आयोजित होता है। यहाँ पहले बन्दरों को विक्रय किया जाता था, वर्तमान में सभी प्रकार के पशुओं का क्रय विक्रय किया जाता है। इस मेले का नाम बताए ?

45. शताब्दियों से अशोक नगर जिले के चंदेरी में यह मेला लगता है। कहा जाता है कि चंदेरी के शासक शारीरिक व्याधि से पीड़ित थे। किंवदंती के अनुसार सपने में देवी ने राजा से कहा था कि वे 15 दिन बाद देवी स्थान पर आए किन्तु वह समय से पूर्व ही पंहुच गए। तब देवी का सिर्फ मस्तक ही दिखाई देना शुरू हुआ था कि राजा की शारीरिक व्याधि ठीक हो गयी और उसी दिन से उस स्थान पर मेला लगना शुरू हो गया। इस मेले का नाम बताए ?

46. पश्चिमी निमाड़ के पिपल्या खुर्द में एक महीने तक यह मेला लगता है। यह कहा जाता है कि 200 वर्षों पूर्व कालूजी महाराज यहाँ पर अपनी शक्ति से आदमियों और जानवरों की बीमारी ठीक करते थे। इस मेले का नाम बताए ?

47. मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के धुबेला में एक पुराने महल में राज्य शासन द्वारा संग्रहालय की स्थापना की गई है। वर्तमान में इस संग्रहालय में 8 दीर्घाएँ हैं, इस संग्रहालय को किस नाम से जाना जाता है?

48. मध्य प्रदेश के रीवा जिले के 'महामृत्युंजय मन्दिर' में 'बसंत पंचमी' और 'शिवरात्रि' के दिन किस मेले का आयोजन किया जाता हैं ? इस मेले का नाम बताए।

49. भोपाल स्थित यह संग्रहालय प्रदेश में आदिवासियों के जनजीवन व उनकी संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से स्थापित किया गया, जिसका प्रतीक चिन्ह बिरछा रखा गया हैं। इस संग्रहालय को किस नाम से जाना जाता है ?

50. तुलसी संग्रहालय रामवन मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

## खण्ड – '6' (प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए)

**टीप– प्रश्न क्रमांक 51 से 60 तक के प्रश्नों में मध्य प्रदेश के प्राकृतिक, भौगोलिक, संरचनाऐं, नदी, जल संरचनाऐं, जलप्रपात एवं कृत्रिम बाँध आदि का विवरण दिया गया है। सही उत्तर, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सामने अंकित करें।**

51. यह एक पौराणिक नदी है और प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। यह नदी विंध्य पर्वतमाला के उत्तरी ढलानों पर जानापाव पहाड़ियों में भदकला जलप्रपात से निकलती है। इस नदी का नाम लिखिए ?

52. भारतीय नौसेना द्वारा इस नदी के सम्मान में एक लड़ाकू जहाज का नाम आईएनएस ................रखा गया है। यह नदी राज्य की पाँचवीं सबसे बड़ी नदी हैं तथा धसान, सिंधु और बीना इसकी तीन सहायक नदियाँ हैं। इस नदी का नाम लिखिए ?

53. मध्य प्रदेश की किन दो नदियों का संगम स्थल 'प्राणहिता' कहलाता है ?

54. कालियादेह पैलेस उज्जैन शहर के सबसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों में से एक है। इस पैलेस को वर्ष 1458 ई0 में मांडू के सुल्तान द्वारा बनवाया गया था। यह पैलेस किस नदी के बीच एक द्वीप पर स्थित है ?

55. यह जलप्रपात बीहड़ नदी पर स्थित है, जो प्रदेश का सबसे ऊंचा जलप्रपात है। इसकी ऊंचाई 130 मीटर है। इस जलप्रपात का नाम बताए ?

56. केन नदी मध्यप्रदेश की एक प्रमुख नदी है, जो अपने प्राकृतिक रूप में बहते हुए पर्यटकों को आकर्षित करती है। इस नदी में केन घड़ियाल अभ्यारण्य के साथ–साथ एक जलप्रपात भी हैं। इस जलप्रपात का नाम लिखिए ?

57. मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के देवलोन स्थल पर सोन नदी पर एक बहुउद्देशीय बाँध निर्मित है। यह मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा बिहार की संयुक्त परियोजना है। इस बाँध का नाम बताए ?

58. मध्यप्रदेश के प्राकृतिक पर्यटन स्थल पचमढ़ी में कौनसी नदी बहती हैं ?

59. मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के छपरा नामक स्थान पर भीमगढ़ बाँध (मिट्टी का बाँध) का निर्माण किया गया हैं। इसे संजय सरोवर बाँध भी कहा जाता है। यह बाँध किस नदी पर बना है?

60. महाभारत एवं वायु पुराण में मध्यप्रदेश की किस नदी को सूर्य की पुत्री के रूप में उल्लेखित किया गया है? यह नदी पूर्व से पश्चिम दिशा में प्रवाहित होती है।

## खण्ड – '7' (प्रश्नानुसार, क्राफ्ट, शिल्प/चित्रकला, जिले, स्थान का नाम दीजिए)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 61 से 70 तक के प्रश्नों में मध्य प्रदेश के विशिष्ट उत्पाद, हेंडलूम तथा हेण्डी क्राफ्ट, चित्रकला आदि से संबंधित प्रश्न है। प्रश्नानुसार क्राफ्ट, कला, जिले, स्थान का नाम उत्तर पत्रक में लिखें–**

61. मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में इस धातु की ढलाई का काम लगभग तीन से चार शताब्दियों से चल रहा है। इसमें खोई हुई मोम की ढलाई का उपयोग विभिन्न प्रकार की धातुओं को गढ़ने के लिए किया जाता है, जैसे कि आभूषण, मूर्तियाँ और हथियार। इस धातु शिल्प का नाम लिखिए ?

62. मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेडाघाट, धुआंधार जलप्रपात के लिए प्रसिद्ध है। वहीं दूसरी ओर यह पत्थर पर कलाकारी के लिए भी जाना जाता हैं। इस पत्थर का नाम लिखिए ?

63. मध्य प्रदेश के बैतूल ज़िले का टिगरिया गांव किस शिल्प कला के लिए जाना जाता है। इस शिल्प में पंच धातुओं को पिघलाकर मूर्तियाँ बनाई जाती हैं। इस शिल्प का नाम बताए ?

64. इस कला में खिलौने और सजावट की सामग्री तैयार करने की अपार संभावनाएं होती है। मध्य प्रदेश के श्योपुर, बुधनी घाट, रीवा तथा मुरैना में कई कलाकार इस कला को बढ़ावा दे रहे हैं। इस कला का नाम लिखिए ?

65. म.प्र. का उज्जैन जिला छीपा शिल्प/बाटिक प्रिंट की प्राचीन कला के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ हाथ के द्वारा कपडे पर प्रिंट की इस कला को उकेरा जाता है। इस शिल्प को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जीआई टैग भी दिया गया हैं। इस शिल्प को देश व विदेश में किस नाम से जाना जाता हैं ?

66. डिंडोरी जिले की इस लोक चित्रकला में गौंड आदिवासियों द्वारा बनाए जाने वाले रंग–बिरंगे चित्रों में प्रकृति तथा लोक जीवन की अद्भुत झलक मिलती हैं। इस लोक चित्रकला का नाम लिखिए ?

67. यह भीली गुड़िया पारंपरिक जनजातीय पोशाक में तैयार की जाती है और इसे बनाने की कला भील और भिलाला आदिवासियों की विरासत है। मध्य प्रदेश के किस ज़िले से भीली गुड़िया का संबंध है।

68. मध्य प्रदेश का यह शहर अपनी अनूठी बत्तो बाई गुड़िया के लिए प्रसिद्ध है। इस विशिष्ट शिल्प में कुछ इंच से लेकर लगभग 2 फीट की ऊँचाई वाली ये गुड़ियाएँ घर की सजावट के लिए लोकप्रिय हैं। इन गुड़ियों को हमेशा जोड़े में बेचा जाता है। यह गुड़िया किस शहर में बनती हैं ?

69. यह मध्य प्रदेश का एक मिट्टी प्रतिरोधी ब्लॉक–प्रिंटिंग शिल्प है। इस तरह से मुद्रित कपड़े को स्थानीय भील जनजातियों की महिलाएं अपने पारंपरिक परिधान के रूप में पहनती हैं। इसका देहाती रूप और प्राचीन रूपांकन इसे अन्य मुद्रित कपड़ों से अलग करती है। इस प्रिंटिंग शिल्प का नाम लिखिए ?

70. केले के रेशे से शिल्प और जूट से रस्सी बनाने के लिए कौनसा जिला प्रसिद्ध है ?

## खण्ड – '8' ( प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 71 से 80 तक में मध्य प्रदेश राज्य की प्रागैतिहासिक कालीन एवं महत्वपूर्ण गुफाओं पर आधारित प्रश्न दिये गये है। आपको दिये गये विवरण के आधार पर सही उत्तर को उत्तर पुस्तिका में लिखना है –**

71. मुरैना जिले की यह गुफाएँ 25,000 साल पहले की प्रागैतिहासिक गुफाएँ हैं। इन्हें स्थानीय रूप से 'लिखिछज' के नाम से भी जाना जाता है। इन गुफाओं का नाम बताइए ?

72. वर्तमान अनूपपुर जिले में इन गुफाओं का निर्माण पहली शताब्दी ईसा पूर्व में हुआ था। ये पाँच कृत्रिम चट्टान–काट गुफाओं का एक समूह हैं। जिनमें से केवल 3 गुफाएँ दुर्वासा गुफा, चेरी–गोदड़ी गुफा और सीतामढ़ी गुफा ही बची हुई हैं और उन पर शिलालेख हैं। इन गुफाओं का नाम बताइए ?

73. यह गुफा/गुफाएँ रायसेन जिले के पाटनी गाँव में स्थित हैं, जिनकी खोज 2008–09 में हुई थी। यह एक ऐसी रहस्यमय गुफा है, जो एक से अधिक किलोमीटर लंबी है। यह गुफा प्रवेश द्वार पर बहुत संकरी है। इस गुफा का नाम बताइए ?

74. 7वीं शताब्दी ई. की यह गुफाएँ मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में चंदवासा गाँव में स्थित हैं। यह एक बौद्ध तीर्थ स्थल है। इसमें 1 ब्राह्मणकालीन गुफा भी है। चट्टान से काटे गए इस स्थल में 51 गुफाएँ, स्तूप, चैत्य, गौतम बुद्ध की खड़ी, बैठी और निर्वाण मुद्रा में बड़ी मूर्तियाँ शामिल हैं। इस गुफा समूह का नाम बताइए ?

75. गोरखपुर के नाथ समुदाय को प्रिय इन गुफाओं का निर्माण संभवतः 11वीं शताब्दी ईस्वी में परमार शासकों ने कराया था। ऐसा माना जाता है कि राजा विक्रमादित्य के सौतेले भाई ने भिक्षु बनने के बाद इन गुफाओं में निवास किया और ध्यान किया। वह संस्कृत भाषा के महान कवि भी थे। इन गुफाओं का नाम उन्ही के नाम पर रखा गया था। इन गुफाओं का नाम बताइए ?

76. आदमगढ़ की गुफाएँ, मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के दक्षिण में स्थित है। यहाँ 18 शैलाश्रयों में से 11 शैलाश्रयों में दृश्य चित्रकारी है। यह गुफाएँ पुरापाषाण और मध्यपाषाण काल की हैं। केंद्र सरकार का पुरातत्व विभाग इस स्थल का रखरखाव करता है। यह गुफाएँ मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?

77. मध्य प्रदेश के एक राष्ट्रीय उद्यान में स्थित यह गुफाएँ दूसरी–पाँचवीं शताब्दी ईस्वी की हैं, जो बौद्ध धर्म के महायान संप्रदाय से संबंधित हैं। गुफाओं में ब्राह्मी लिपि में शिलालेख भी हैं। हाल ही में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने यहीं पर अपना सर्वेक्षण करके 26 गुफाएँ, 26 मंदिर, 2 मठ, 2 मन्नत स्तूप, 24 शिलालेख, 46 मूर्तियाँ और 19 जल संरचनाओं की खोज की। इन गुफा का नाम बताइए ?

78. इन गुफाओं को सतपुड़ा–ताप्ती घाटी गुफाएँ और गाविलगढ़–बैतूल शैलाश्रय भी कहा जाता है। यह गुफाएँ ऊपरी पुरापाषाण, मध्यपाषाण, ताम्रपाषाण और लौह युग से संबंधित है। कई गुफाओं में शैल चित्र हैं। एक गुफा में शुतुरमुर्ग पक्षी की पेंटिंग है। इन गुफाओं का नाम बताइए ?

79. हिंदू धर्म के शैव संप्रदाय से संबंधित यह गुफाएँ धार जिले के मांडू में स्थित है। 11वीं शताब्दी की यह गुफाएँ चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों का समूह हैं। इन गुफाओं का नाम बताए ?

80. प्राचीन काल की यह गुफाएं सिंगरौली जिले में स्थित हैं। हिंदू धर्म से जुड़ी इन गुफाओं का निर्माण 7–8वीं शताब्दी ई. में हुआ था। इन गुफाओं का नाम बताए?

## खण्ड – '9' (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 81 से 90 तक के सभी प्रश्नों में मध्य प्रदेश में निर्मित फिल्मों से संबंधित प्रश्न पूछे गये है। आपको प्रश्न पढ़कर प्रश्न का सही उत्तर, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सामने लिखना है–**

81. फीचर फिल्म 'फुकरे–3' में पुलकित सम्राट, ऋचा चड्डा, पंकज त्रिपाठी मुख्य भूमिका में थे, इस फिल्म की शूटिंग खजुराहो एवं ....................शहर में हुई थी ?

82. रणवीर कपूर अभिनीत फिल्म ...................... में भोपाल स्थित पुरानी जेल को मुम्बई की यरवदा जेल का नाम दिया गया था। यह फिल्म एक अभिनेता के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित थी।

83. ..................... फिल्म की शूटिंग इंदौर के विभिन्न स्थानों के साथ ही महेश्वर और आस–पास की लोकेशंस पर की गई है। फिल्म की कहानी इंदौर में रहने वाले एक मध्यमवर्गीय परिवार के युवा शादीशुदा जोड़े कपिल (विक्की कौशल) और सौम्या (सारा अली) की है।

84. किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म ..................... में रवि किशन, स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांटा और नितांशी गोयल ने लीड रोल प्ले किया है। इस फिल्म की शूटिंग सीहोर के साथ–साथ भोपाल में भी हुई ?

85. वर्ष 2024 की सबसे हिट हॉरर फिल्म 'स्त्री–2' की शूटिंग मुख्यतः 04 स्थानों में हुई थी, जिनमे भोपाल, चंदेरी व रायसेन के साथ–साथ .............. का ऐतिहासिक किला भी शामिल है। यह स्थल एक रियासत भी रहा है।

86. 2019 में प्रदर्शित फिल्म .................. की अधिकाँश शूटिंग भोपाल में हुई थी। इसमें अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एवं अथिया शेट्टी प्रमुख भूमिका में थे ?

87. प्रसिद्ध ऐतिहासिक फिल्म ''बाजीराव मस्तानी'' जिसमें रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण एवं प्रियंका चौपड़ा की अहम् भूमिका थी। इस फिल्म की शूटिंग पर्यटन स्थल .................................. में हुई ?

88. विद्या बालन एवं विजय राज अभिनीत फिल्म 'शेरनी' की शूटिंग मध्य प्रदेश के ........................ नेशनल पार्क में हुई है ?

89. इरफ़ान खान अभिनीत यह फिल्म 2012 में बनी थी। इस फिल्म की शूटिंग चंबल के बीहड़ों में हुई थी। यह फिल्म भारतीय सेना में एक सैनिक .................. के जीवन पर आधारित है, जो बाद में व्यवस्था के खिलाफ एक सशस्त्र विद्रोही बन गए ?

90. कंगना राणावत अभिनीत फिल्म ............. की शूटिंग महेश्वर के नर्मदा घाट व अहिल्येश्वर मंदिर परिसर में हुई थी। "सिलसिला हमारा यूं ही चलना चाहिए हम रहे या ना रहे भारत रहना चाहिए' गीत के दृश्य यही पर फिल्माए गए थे ?

The heart of Incredible !ndia

## खण्ड – '10' (सही उत्तर लिखें)

**टीप – मध्य प्रदेश में पर्यटन को प्रोत्साहित करने तथा उच्च स्तर एवं व्यवस्थित प्रबंधन के साथ होटल सुविधा, मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा दी जा रही है। इनकी मध्य प्रदेश में लगभग 60 से अधिक इकाईयां स्थापित है। इस खण्ड में इन्हीं पर आधारित प्रश्न है। प्रश्न क्रमांक 91 से 100 तक के सभी प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखना है –**

91. मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित एक होटल प्रसिद्ध संगीतकार के नाम से संचालित है। इस इकाई का नाम बतायें ?
92. मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का होटल 'चम्पक बंगलो' एवं होटल 'हिलटॉप बंगलो' किस शहर में स्थित है ?
93. मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम 'हॉली डे होम्स' नाम से एक होटल का संचालन करती हैं। यह इकाई एक खूबसूरत व प्राकृतिक पर्यटन स्थल में स्थित है। इस पर्यटन स्थल का नाम बताए?
94. मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा गांधीसागर बाँध पर 'बोट क्लब' एवं एक आवासीय इकाई का संचालन किया जा रहा हैं। इस आवासीय इकाई/होटल का नाम बताइए ?
95. मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा आवासीय इकाई/होटल 'कलचुरी रेसीडेंसी' का संचालन किस शहर में किया जा रहा हैं ?
96. मध्य प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक पर्यटक स्थल ओरछा में 'लाइट एंड साउंड शो', बोट क्लब के साथ ही मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा एक हेरिटेज होटल का संचालन किया जा रहा है। इस हैरिटेज होटल का नाम बताइए ?
97. मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा छतरपुर जिले के पर्यटन स्थल खजुराहो के पास एक आइलैंड रिसोर्ट एवं बोट क्लब का संचालन किया जा रहा हैं। इस आइलैंड रिसोर्ट का नाम बताए?
98. मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मोचा गांव के पास प्रसिद्ध बंजर नदी के किनारे एक आवासीय इकाई का संचालन किया जा रहा है। इस आवासीय इकाई का नाम बताए ?
99. मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा देलावाडी से 05 कि.मी. एवं सलकनपुर माता मंदिर से 14 कि.मी. दूर प्रकृति की गोद में एक आवासीय इकाई का संचालन किया जा रहा है। इस आवासीय इकाई का नाम बताए ?
100. पेंच राष्ट्रीय उद्यान के टूरिया गेट के पास मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किस आवासीय इकाई का संचालन किया जा रहा है ?

The heart of Incredible India

# मध्यप्रदेश पर्यटन
# क्विज प्रतियोगिता 2024

## आदर्श उत्तर पुस्तिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. सूर्य मंदिर | 26. सिद्देश्वर महादेव मंदिर | 51. चंबल | 76. नर्मदापुरम |
| 2. जगदीशपुर | 27. त्रिपुर सुंदरी राज राजेश्वरी मंदिर | 52. बेतवा | 77. बांधवगढ़ गुफाएँ |
| 3. उदयगिरी | 28. खजराना गणेश | 53. वैनगंगा और वर्धा | 78. अंबादेवी गुफाएँ |
| 4. भीमबेटका | 29. बेंट श्री बिल्वामृतेश्वर महादेव मंदिर | 54. क्षिप्रा नदी | 79. लोहानी गुफाएँ |
| 5. बालाघाट | 30. चित्रकूट | 55. चचाई जलप्रपात | 80. माडा गुफाएँ |
| 6. मुरेलखुर्द स्तूप | 31. नरसिंहगढ़ अभयारण्य | 56. रनेह जलप्रपात | 81. पन्ना |
| 7. कुंडी भंडारा | 32. कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान | 57. बाणसागर बाँध | 82. संजू |
| 8. बाघ/बाग शिलालेख | 33. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान | 58. देनवा नदी | 83. जरा हटके जरा बचके |
| 9. लक्ष्मीनारायण मंदिर | 34. गेंगेटिक डॉल्फिन | 59. वेनगंगा नदी | 84. लापता लेडीज |
| 10. कटनी | 35. श्योपुर | 60. ताप्ती नदी | 85. नरसिंहगढ़ |
| 11. (अ) रायसेन | 36. संजय–डुबरी राष्ट्रीय उद्यान | 61. बेल मेटल | 86. ‘मोतीचूर चकनाचूर’ |
| 12. (द) धार का किला | 37. गांगुलपारा | 62. संगमरमर पत्थर | 87. महेश्वर |
| 13. (स) गुजरी महल | 38. वन विहार | 63. भरेवा शिल्प | 88. कान्हा किसली |
| 14. (स) मंदसौर का किला | 39. पनपथा अभयारण्य | 64. खराद कला | 89. पान सिंह तोमर |
| 15. (द) दतिया का किला | 40. रालामंडल अभ्यारण्य | 65. भैरवगढ़ प्रिंट | 90. मणिकर्णिका |
| 16. (अ) कौशक महल | 41. राम लीला का मेला | 66. पाटनगढ़ लोक चित्र कला | 91. तानसेन रेसीडेंसी |
| 17. (स) सिंगौरगढ़ दुर्ग | 42. चंडी देवी का मेला | 67. झाबुआ | 92. पचमढ़ी |
| 18. (स) भिण्ड | 43. मठ घोघरा का मेला | 68. ग्वालियर | 93. अमरकंटक |
| 19. (अ) मोती महल | 44. नागाजी का मेला | 69. नंदना प्रिंट | 94. ‘हिंगलाज रिसोर्ट |
| 20. (स) राज महल | 45. जगेश्वरी देवी का मेला | 70. बुरहानपुर | 95. जबलपुर |
| 21. नागलवाड़ी | 46. कालूजी महाराज का मेला | 71. पहाड़गढ़ गुफाएँ | 96. शीश महल |
| 22. हरसिद्धि मंदिर उज्जैन | 47. महाराजा छत्रसाल संग्रहालय / धुबेला संग्रहालय | 72. सिल्हारा गुफाएँ | 97. कुटनी आइलैंड रिसॉर्ट |
| 23. हनुमान लोक | 48. महामृत्युंजय का मेला | 73. मृगेंद्रनाथ गुफा/गुफाएँ | 98. बघिरा जंगल रिसोर्ट मोचा |
| 24. शारदा माता मंदिर मैहर | 49. राज्य जनजातीय संग्रहालय | 74. धामनेर/धर्मराजेश्वर गुफाएँ | 99. सागौन रिट्रीट देलावाडी |
| 25. पीताम्बर पीठ, दतिया | 50. सतना | 75. ‘भतृहरि’ की गुफाएँ | 100. किपलिंग कोर्ट |